फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री कांतिलाल उपाध्याय पुत्र श्री जगन्नाथ उपाध्याय
जति उपाध्याय
निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला, सांतपुर, आबूरोड
तहसील आबूरोड जिला सिरोही

सहायक लोक सूचना अधिकारी
उपखंड अधिकारी, आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 8 वर्ष 2019

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
29.05.2019	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 8.4.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि आपके कार्यालय द्वारा दिनांक 27.10.2016 को कार्यालय ग्राम पंचायत उमरनी के कार्यरत सचिव/ पदेन सचिव श्री प्रदीप मीणा के विरूद्ध जांच कार्यवाही की गई थी। आप द्वारा की गई उक्त जांच कार्यवाही की जांच रिपोर्ट व जांच रिपोर्ट के संलग्न दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 8.4.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि आपके कार्यालय द्वारा दिनांक 27.10.2016 को कार्यालय ग्राम पंचायत उमरनी के कार्यरत सचिव/ पदेन सचिव श्री प्रदीप मीणा के विरूद्ध जांच कार्यवाही की गई थी। आप द्वारा की गई उक्त जांच कार्यवाही की जांच रिपोर्ट व जांच रिपोर्ट के संलग्न दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित को चाही गई समस्त सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी, आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (सुरेन्द्र कुमार सोलंकी) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned by CamScanner